## खबर संक्षेप

### रोहित अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** जिला अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावक संघ के जिला संयोजक मनीष जैन की अनुशंसा पर एवं सभी सदस्यों की सर्व सहमति से रोहित रॉबिन मालवीय को छिंदवाड़ा अभिभावक संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एवं उपाध्यक्ष विनोद बुनकर, जी सचिव हरि बरकड़े जी, सह सचिव माखन राय, संगठन मंत्री रिपन मित्रा ,मीडिया प्रभारी रितेश राय एवं विधि सलाहकार एडवोकेट सूर्यकांत वर्मा जी की नियुक्ति की गई है। इन सभी नियुक्तियों पर संगठन के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। और विश्वास जताया है कि सभी पदाधिकारी संगठन और छात्र हित के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।



### स्वाध्याय भवन में अष्टान्हिका महापर्व की बैठक आज

**छिंदवाड़ा।** सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक आगामी भादों सुदी अष्टमी से भादों सुदी पूर्णिमा तक चलने वाले अनादि निधन महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक करेगा। मंगल महोत्सव के विविध अनुष्ठानों की रूपरेखा हेतु आज रविवार 2 मार्च को अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित स्वाध्याय भवन में रात्रि 9.30 बजे से मंडल एवं फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवकों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें आगंतुक विद्वान, पूजन विधान, मंगल प्रवचनों सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों का निर्धारण कर सम्पूर्ण रूपरेखा तय की जावेगी ताकि आठ दिवसीय महोत्सव में सकल समाज मिलकर धर्माराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना कर सके जिसमें सम्मिलित होकर अपने अपने सुझाव रखने की अपील मंडल एवं फेडरेशन के सदस्यों से सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, रमेशचंद सिंघई, महेंद्र बाबू, महेंद्र पाटनी ने की है।

### दो नागपुर एक छिंदवाड़ा रिफर, दोनों की हालत गंभीर

## कार का टायर फटा, अनियंत्रित कार की टक्कर से पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





चांदामेटा सिंह वाहिनी चौक के समीप बड़कुही की ओर से आ रही एक कार का अगला टायर अचानक फट गया । जिससे कार अनियंत्रित हो गई । जिसकी चपेट में आकर पांच लोग घायल हुए । इनमें 3 महिलाएं और दो पुरूष शामिल हैं । महिलाओं में दो महिला भाजीपानी की हैं । मजदूरी करती हैं , दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए नागपुर भेजा गया है । एक महिला जो कार में थी वह भी घायल हु ई है और वह कार चालक की पत्नी बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एम पी 04 जेड एफ 4888 का अगला टायर बड़कुही से परासिया की ओर आते समय अचनाक फट गया । जिसके बाद कार अनियंत्रित हो गई । घटना स्थल से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़े एक लगेज वाहन से टकराते हुए कार आगे बढ़ी । जहां एक निर्माणाधीन इमारत में काम कर रही मजदूर भाजीपानी निवासी भुजलो कहार , गंगा ठाकुर , जाटाछापर निवासी पप्पू को ठोस मारते हुए एक मकान के गेट से टकरा कर रूक गई । मजदूर भुजलो कहार और गंगा के कार के नीचे दबने से वे गंभीर घायल हो गई । जिन्हें इलाज के लिए छिंदवाड़ा से नागपुर भेजा गया है । निर्माणाधीन इमारत में खिड़की और दरवाजों का माप लेने चांदामेटा सिंह वाहिनी चौक में रहने वले संतोष विश्वकर्मा पहुंचे थे । इन्हें भी कार की टक्कर से चोट आई है । जिन्हें छिंदवाड़ा भेजा गया है । कार में सवार महिला को लगेज वाहन से कार के टकराने के दौरान चोट आई है ।

बताया जा रहा है , कि कार चालक भोपाल से छिंदवाड़ा अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था । घटना शनिवार दोपहर की है ।

### कलेक्टर, आयुक्त के आदेश पर एक और कार्रवाई

## एक और अवैध कॉलोनी पर हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




जिला कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त सीपी राय के आदेश पर आज एक और अवैध कॉलोनी पर एफआईआर दर्ज कराई गई। यह एफआईआर के अनुसार श्री नीरज कुमार रधुवंशी पिता बलवान सिंह रघुवंशी निवासी वार्ड क्र 10 किडजी स्कूल के पास छिन्दवाडा (म.प्र.) द्वारा नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत मौजा इमलिया बोहता स्थित भूमि खसरा नं. 136/18/2/1/1/1/1/1 / का कुल रकबा 0.580 हे० भूमि पर बिना विकास की अनुमति लिये प्रशनाधीन भूमि को भूखण्डो मे उपविभाजित कर अनाधिकृत कालोनी का निर्माण कर लिया गया। विभिन्न स्तरों की जांच होने के बाद उक्त लोगों के द्वारा समाधानपूर्वक उत्तर नहीं देने के उपरांत नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय द्वारा उक्त कालोनी को अवैध कॉलोनी घोषित कर दिया गया था। जिसके पश्चात संबंधित कॉलोनाइजर के ऊपर आज कुंडीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

## निगम में आयोजित कार्यशाला में प्रभारियों ने अपने अपने विभाग की रखी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम सभाकक्ष में शनिवार को विभिन्न पदों से अवर सचिव पद में पदोन्नति हेतु अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में केंद्रीय सचिवालय, रेलवे बोर्ड सचिवालय एवं अनुभागीय अधिकारियों ने शिरकत की। इस कार्यशाला में निगम के विभिन्न शाखा प्रभारियों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना संबल एवं भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना की जानकारी दी गई। कार्यशाला में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय सहित उपयंत्री एवं विभिन्न शाखा के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय 60 वां वसंत उत्सव एवं सरस्वती जयंती

**छिंदवाड़ा।** संगीत समारोह में प्रथम दिन पंडित पद्मश्री उमाकांत एवं श्री अनंत गुनेचा ने धुरपद गायन किया पखावज संगत पंडित अवधेश कुमार द्विवेदी बांदा ने की द्वितीय दिवस डॉ. प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री श्री 1008 मुरलीदास महाराज (ओमकारेश्वर ) ने अपने शास्त्रीय गायन में सर्वप्रथम राग ,आभोगी कान्हाडा में विलंबित ख्याल एक ताल में गाया उसके पश्चात राग,सिंदूरा में ठुमरी प्रस्तुत की अंत में राग माला से गायन समाप्त किया हारमोनियम पर संगत अमित सूर्यवंशी एवं तबले पर संगत राजेश विश्वकर्मा ने की । उसके पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितारवादक पंडित नयन घोष (मुंबई) ने सितार पर राग मारूविहाग में विलंबित लय में आलाप ,जोड,झाला लेकर विलंबित बंदिश प्रस्तुत की उसके पश्चात भटियाली में धुन पेश की थी उसके पश्चात बंगाल का वाऊल लोकगीत की धुन सितार पर बजाई। तबले पर संगत पवन सिडाम (मुंबई) ने की । कार्यक्रम के अंत में श्री शालिगराम विश्वकर्मा अवार्ड स्व.रूपचंद राय , स्व. भगवानदीन राय ,स्व. फूलचंद अग्रवाल एवं स्व. पी.डी.रूद्र कुमार झा की स्मृति में विजेताओं को नगद पुरूस्कार एवं मूमेंटो प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। श्री शालिगराम अवार्ड के विजेता गायन में प्रथम स्वरांगी विश्वकर्मा , द्वितीय अवनी सोनी ,तृतीय हिमाक्षी मराठा ,वादन में प्रथम ओम विश्वकर्मा ,द्वितीय शिवांश श्रीवास्तव ,तृतीय करण राऊत ,जूनियर नृत्य में प्रथम भाविका मंडराह , द्वितीय काव्या सनदेल ,तृतीय अरनव चौरसिया ,सीनियर नृत्य प्रथम दिव्यांशी जाट, द्वितीय जंयांशी राज ,तृतीय शैली वस्त्राणे विजेता रहे। संगीत समारोह के अंत में सभी प्रायोजक देहली पब्लिक स्कूल ,राघव इंडस्ट्रीज ,गुप्ता इंडस्ट्रीज , सिन्हा एडव्हरटाईजिंग ,श्री जी लॉन का कार्यक्रम के संयोजक राजेश विश्वकर्मा एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जल्द हल होगी कोटवारों की समस्याः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



मध्यप्रदेश कोटवार संघ जिला पांढुर्णा के कोटवारों ने शनिवार को सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा पहुँचकर सांसद बंटी विवेक साहू को अपनी मांग का पत्र सौंपा। इस दौरान सांसद श्री साहू ने कोटवार संघ सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्या को जाना और समझा।

इस दौरान सांसद श्री साहू ने कोटवार संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आश्वासन दिया की उनकी वेतन वृध्दि की मांग को लेकर वे अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चा कर जल्द ही उन्हें वेतन वृध्दि का लाभ दिलाएंगे। सांसद श्री साहू को कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष रामनाथ झरबड़े ने बताया कि उनके वेतन में प्रतिवर्श 500 रूपये की वृध्दि किये जाने के आदेश राज्य शासन द्वारा जारी किए जा चुके है, जिसका लाभ छिंदवाड़ा जिले सहित अन्य जिलों में भी दिया जा रहा है। सिर्फ पांढुर्णा में राज्य शासन के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने सांसद बंटी विवेक साहू को मांग पत्र सौंपते हुए जल्द ही वेतन वृध्दि का लाभ दिलाने की मांग की। इस दौरान कोटवार संघ से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### आज से रमजान शुरू

**जुन्नारदेवः** मुस्लिम समाज का पवित्र धार्मिक महीना रमजान शरीफ शुरू हो चुका है। रमजान का यह महीना रहमतों वा बरकतों का महीना है। मजहब इस्लाम की शिक्षाओं के अनुसार जब यह महीना शुरू होता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं ।और शरकश शयातीन कैद कर दिए जाते हैं।रमजान शरीफ के मुबारक महीने में ही पवित्र कुरआन पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैही वसल्लम पर नाजिल (अवतरित )हुआ। कुरआन संपूर्ण मानव जाति के लिए पथ प्रदर्शक एवं मार्गदर्शक किताब है। इसके नियमों का पालन करने से मानव जाति को इस जीवन में एवं मृत्यु के बाद आने वाले जीवन में सफलता प्राप्त होगी। रमजान की विशेषता बताते हुए हजरत अबू हुरैरा रजि अल्लाह ताला अन्हा फरमाते हैं कि हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया मेरी उम्मत को 5 ऐसी चीजें मिली हैं जिनसे अगली उम्मते मेहरूम है।

### राजस्व निरीक्षक रामकृष्णा हुए सेवानिवृत्त



**छिंदवाड़ा।** जिले के बिछुआ तहसील में पदस्थ राजस्व विभाग बिछुआ तहसील में राजस्व विभाग में पदस्थ थे राम कृष्ण साहू ने ने सिवनी तथा छिंदवाड़ा जिले में राजस्व विभाग में 36 वर्ष 8 माह तक राजस्व विभाग में अपनी सेवाएं दी आज वे अपने पद से सेवानिवृत्त हुए।इस अवसर पर बिछुआ तहसील कार्यालय के तहसीलदार अमित रिनाहते,नायब तहसीलदार, श्रीमती सरिता आहके ,रेवाराम माठे ने रामकृष्ण साहू को फूल माला भेंट कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त अवसर पर तहसीलदार अमित रिनाहते ने साहू जी की सेवाओं की सराहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर तहसील कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी सहित पटवारी योगेश चौधरी कुमारी शिवानी मालवीय ,महेश पवार ,अविनाश डोंगरे, राकेश खरपुसे ,मोरेश्वर राव घोरके ,संदीप सोनी ,सुरेश कुमार चौरिया, नेहा आर्य ,लोकेश ऊइके,रूपचंद्र सुलखिया पवन वर्मा ,विजय कुमार भाले, विवेक डोंगरे ,मलिका पाटिल ,रमेश कुमार डोंगरे पुनाराम साहू, संदेश पहाड़े, शुभांगी सहारे कुंवारी, लता नर्रे सहित साहू परिवार से श्रीमती उमा साहू, श्रीमती संगीता साहू, योगेश साहू, श्रीमती योशिका साहू,दीपक साहू,शेजल साहू,दीपक साहू उपस्थित थे। विदाई समारोह में बैंड बाजे के साथ उनके निवास स्थान पर पहुंचा कर उनके उज्जवल भविष्य सेवानिवृत्त की बधाई शुभकामनाएं दी।

### आज छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू रविवार 2 मार्च को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 10 बजे पांढुर्णा में प्रेस क्लब पांढुर्णा के कार्यालय का उद्घाटन करेंगें, सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक के नांदनवाड़ी मंडल के ग्राम धनौरा में बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, भाजपा संगठन के बीएलए व कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए टिफिन पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे जिला औशधी विक्रेता द्वारा इनर ग्राऊंड छिन्दवाड़ा में आयोजित केमिस्ट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुरस्कार वितरण करेंगे। शाम 6 बजे बिछुआ के ग्राम घाटकामठा में गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे वही शाम 7 बजे छिन्दवाड़ा के वार्ड नं. 7 प्रगति कॉलोनी में भी गंगापूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## टोल प्रबंधक के साथ मंडल अध्यक्ष की सड़क हादसों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

लगातार परासिया - दमुआ सड़क पर हो रहे हादसों को लेकर इकलेहरा में स्थित टोल नाके के प्रबंधक के साथ भाजपा पगारा मंडल अध्यक्ष एवं अंबाड़ा भाजपा के पदाधिकारी ने चर्चा की । वहीं टोल प्रबंधन द्वारा 2 दिन में मेंटेनेंस टीम के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा । हिंगलाज मंदिर मार्ग तिराहे पर सांकेतिक बोर्ड , स्पीडब्रेकर और मुख्य मार्ग में गड्ढों कि मरम्त और टोल के पास उचित रोशनी कि व्यवस्था बनाये जाने को लेकर चर्चा हुई । इस चर्चा में मुख्य रूप से भाजपा पगारा के मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , भाजपा जिला प्रतिनिधी विकास अग्रवाल , अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री बाबा जलील शाह , ग्यास अहमद , भूपेंद्र साहू और अम्बाड़ा भाजपा कार्यकर्ता बलराम भलावी , आशी यादव , विकास कोटार , हरिओम साहू , हेमंत कोटर , अनुज यादव , प्रखर बरमैया, शोभित अग्रवाल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## नकुलनाथ ने विधि विधान से किया "गंगा जल" का पूजन

### शिव मंदिरों में अर्पित किया जावेगा "गंगा जल"

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



धर्मानुरागी पूर्व सांसद नकुलनाथ ने आज निज निवास शिकारपुर कमलकुंज में विधि विधान से "गंगा जल" का पूजन अर्चन कर जिले के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। किसानों के लिए अच्छी उपज, युवाओं के लिए रोजगार व मातृशक्ति के लिए सुरक्षा मांगी।

संकट मोचन हनुमान जी महाराज के परम भक्त नकुलनाथ ने विगत दिनों महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के लिए सर्वकल्याण की कामना की थी। त्रिवेणी संगम में स्नान, ध्यान व मां गंगा की आराधना कर पवित्र "गंगा जल" लेकर छिन्दवाड़ा लौटे। विधि विधान के साथ "गंगा जल" का पूजन करने के उपरांत उन्होंने कहा कि जिले, प्रदेश व देश की खुशहाली के लिए मनोकामना की थी। छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की उन्नति व विकास के लिए मनोकामना के साथ गंगा मैया में स्नान किया। इसके पूर्व भी कई बार हरिद्वार-ऋषिकेश पहुंचकर पूजा अर्चना व गंगा मैया में डुबकी लगा चुका हूं, किन्तु बीते सप्ताह महाकुंभ प्रयागराज पहुंचकर स्नान करना अद्भुत अनुभव था। महाकुंभ स्नान के उपरांत आत्मिक शांति के साथ ही जीवन में जो बदलाव आए वे अकल्पनीय है।

धर्मानुरागी नकुलनाथ ने आगे कहा कि मेरी इच्छा थी, कि गंगा मैया का पवित्र जल अपने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना में लाऊं साथ ही यहां के मंदिरों में जल अर्पित किया जाए। आज यह मनोकामना भी पूरी हुई। उन्होंने आगे कहा कि जन कल्याण की कामना, छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले की सुख, शांति व समृद्धि की कामना को लेकर यह कार्य किया है जो गंगा मैया के आशीर्वाद से पूर्ण हुआ है। आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री आनंद बक्षी ने बताया कि नकुलनाथ के द्वारा लाया गया पवित्र "गंगा जल" छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के 10 मंदिरों में अर्पित किया जावेगा।

### पटेल परिवार के विवाह समारोह कार्यक्रम में पहुंचे कमलनाथ एवं नकुलनाथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

ग्राम सिंगोंडी से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पटनिया में पटेल परिवार के घर विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ लगभग 11 बजे पहुंचे जहां पटेल परिवार ओर उनके घर आए मेहमानों सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिंगोड़ी के नेता और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मी पटेल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए कुशलक्षेम पूछा तत्पश्चात उनकी नातिन ऊषा का विवाह प्रद्युम्न पटेल निवासी भजिया के साथ संपन्न होने पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया एवं आने वाले समय में पटनिया आने का वादा किया इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बलराम पटेल के छोटे भाई पूर्व सरपंच बलराज पटेल की सुपुत्री ओर उनके पूरे परिवार को बधाई शुभकामनाएं प्रदान की।

### धीमी गति से चल रहा है हनुमान लोक का निर्माण कार्य, सरकार से डेढ़ साल में नहीं मिली दूसरी किश्त

# जामसांवली हनुमान मंदिर के अध्यक्ष बने गोपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली में लंबे समय से मंदिर ट्रस्ट को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को शांत हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन करते हुए सर्वसम्मति से निर्विरोध नए पदाधिकारी का चयन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध समाजसेवी गोपाल शर्मा को चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया है।

मंदिर ट्रस्ट कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान हनुमान लोक जामसांवली का का सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष गोपाल शर्मा को बनाया गया है। मंदिर सभागृह में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जामसांवली कि प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन प्रशासक न्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिद्धार्थ पटेल की प्रमुख उपस्थिति में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 11 सदस्यीय प्रबंध कार्यकारिणी के नामांकन प्रस्तुत किये गये थे।

इस दौरान दो सदस्यों को छोड़ मंदिर कमेटी से जुड़े हुए 30 ट्रस्टी प्रमुखता से उपस्थित थे। वहीं पांच सदस्यों को मंदिर कमेटी से निष्कासित करने की भी चर्चाएं है।इनको मिली हनुमान मंदिर जामसावली कार्यकारिणी में जगहमिली जानकारी के अनुसार नई कार्यकारिणी में नए 14 लोगों का समावेश किया गया है। जिसमें मंदिर न्यास के प्रथम संरक्षक के रूप में वरिष्ठ न्यासी दादाराव बोबडे को नियुक्त किया गया।

इसके अलावा प्रबंध कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे,सचिव टीकाराम कारोकार, सहसचिव एड. एम. एन. खंडाईत, कोषाध्यक्ष संजय डवरे, सहकोषाध्यक्ष मनोहर शेलकी तथा कार्यकारिणी सदस्यों में नितीन मोहगांवकर, पांडुरंग बोबडे,संदीप मोहोड, शिशिर खंडार, एड.अजय धवले का चयन किया गया। निर्वाचन प्रकिया में पदाधिकारियों सहित मंदिर कमेटी के महादेव मते,पंजाबराव येलमुले, वसंत शेलकी, प्रदीप बुटे, श्रीराम डवरे, रामराव डवरे, वसंता येलमुले, भास्कर गुढदे, भीमराव वाकोडे, राजु बाविसटाले, मनोज तवले, भगवंता कारोकार, निलेश जुननकर, दिलीप बतरा, किशोर एकनाथ देवपुजारी, मोहन ताजने, सुशील माहेश्वरी ने सहभाग लिया। गौरतलब हो कि, चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान के पूर्व न्यास को उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश से भंग करते हुये कलेक्टर पांडुर्णा को आगामी कार्यवाही हेतू आदेशित किया गया था। जिसके परिपालन में कलेक्टर न्यायालय एवं पंजीयक लोक न्यास पांढुर्णा द्वारा चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक का पंजीयन कर अग्रिम कार्यवाही हेतू न्यास को अधिकृत किया गया था।

### इनका कहना है

नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल शर्मा का कहना है कि सभी न्यासियों द्वारा मुझ पर विश्वास व्यक्त करते हुये जो जिम्मेदारी सौंपी है,उसकी कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। साथही श्रद्धालूओं को बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ मंदिर के विकास एवं व्यवस्थापन को प्राथमिकता दी जायेगी।साथ ही मंदिर परिसर में रुके हुए कार्यों में गति लाने के साथ ही रुकी हुई राशि को लाने के लिए सबको साथ में लेकर प्रयास किया जाएगा।

## सांसद ने लोधीखेड़ा में दी 95 लाख 67 हजार के विकास कार्यों की सौगात

# छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगेः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अब कोई भी आमजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। बड़े शहरों में मिलने वाली हर सुविधा और छोटे शहरों में भी रहने वाले निवासियों को मिलेगी। उक्त उद्गार लोधीखेड़ा में 95 लाख 67 हजार की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यो के भूमिपूजन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे। दोनों जिलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए मैं निरंतर दिल्ली और भोपाल में मंत्रियों एवं अधिकारियों से संपर्क कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की मंशा है कि अब छोटे शहरों में रहने वाले लोगों को भी वे सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जो कि बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को मिल रही है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही आयुश्मान योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के द्वारा बहनों को प्रतिमाह 1250 की राशि देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। अब हमारी बहनें छोटी मोटी जरूरतों के लिए किसी पर आश्रित नहीं है।

सांसद श्री साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं छिंदवाड़ा विधायक कमलनाथ पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा करोड़ों के घोटाले किए गये है, जो अब उजागर हो रहे है। विधायक कमलनाथ द्वारा वर्तमान में छिंदवाड़ा में एक नया घोटाला किया गया है। उनके द्वारा गरीबों के लिए आर्थिक सहायता के रूप में मिलने वाली शासकीय राशि को गरीबों को न बांटकर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने की दृश्टि से बांट दिया गया है। उन्होंने विधायक कमलनाथ पर अन्य कई आरोप भी लगाए।

### इन कार्यो का किया भूमिपूजन

शासन की कायाकल्प 2.0 योजना अंतर्गत नगर पारिशद लोधीखेड़ा में विकास कार्यो के लिए लाखों की लागत के कई कार्य स्वीकृत किए गये है। जिसका शनिवार को सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा भूमिपूजन किया गया। जिन कार्यो का भूमिपूजन हुआ है उनमें वार्ड क्र.01,04,07 एवं 12 में सी.सी रोड का भूमिपूजन किया गया जिसकी लागत 55.71 लाख है। वहीं वार्ड क्र.13 में टिक्कस के मकान से गुप्ता के मकान तक आर.सी.सी.कवर्ड नाली निर्माण जिसकी लागत 32.59 लाख है एवं सचिवालय से प्रमोद सरोदे के मकान तक सी.सी रोड जिसकी लागत 7.37 है का भी भूमिपूजन किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से विशिश्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, वरिश्ठ भाजपा नेता संतोश जैन, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र परमार, नगर परिशद अध्यक्ष श्रीमति अर्चना वीरेन्द्र जयसवाल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र पारसचंद राय, सभापति होमदेव वंजारकर, दिनेश रायकवार आदि मौजूद रहे।

## किराना एजेंसी व्यापारी संघ के चुनाव हुए सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



हाल ही में किराना एवं एजेंसी व्यापारी संघ के चुनाव संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। किराणा एवं एजेन्सी व्यापारी संघ सौसर का अध्यक्ष पंकज बागानी, उपाध्यक्ष विशाल ठोंबरे, सचिव,भैय्यालाल बाविस्टाले, कोषाध्यक्ष श्रीकान्त पोस्ते, सह-सचिव रामरतन डागा, सह-कोषाध्यक्ष- राजेश लोणारे, दिलीप ठोंबरे, महेन्द्र लोणारे, दीपक गजभिये, संरक्षक- गौरीशंकरजी डागा, शेषरावजी आप्पा, सुरेश बागानी, धर्मराज मुंदडा, अब्दुल बारी, प्रवक्ता- वहिद भाई कच्छी, उदय ढाले, को बनाया गया है।नए गठन पर पुर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ व भाजपा जिला अध्यक्ष सदीप मोहोड़ ने किराणा एवं एजेन्सी व्यापारी संघ सौसर के पदाधिकारी को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। सदस्य गनो में- यशवंतराव सुर्यवंशी, रविकान्त करडभाजने,यादव बेन्डे, पराग बागानी, एकनाथ धकाते,प्रविण पालीवाल, मनोज माहेश्वरी,संजय चोरसिया, कृष्णा लोणारे, पंकज साबु आदि का समावेश है।

## कलेक्टर सिंह का एक और नवाचार

### वीडियोग्राफर्स को दिए जीवन में आगे बढने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नवाचारों के लिए पूरे प्रदेश में अलग पहचान रखने वाले छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने शनिवार को एक और नवाचार किया। उन्होंने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों, वहां बने होम स्टे और छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के लिए वीडियोग्राफर्स के साथ मीटिंग की। साथ ही युवा वीडियोग्राफर्स को जीवन में आगे बढने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। शिक्षाप्रद किस्से सुनाते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने युवा वीडियोग्राफर्स का हौसला बढ़ाया।

कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में टूरिज्म प्रमोशन के लिए हुई मीटिंग में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स से कहा कि जिले में तामिया-पातालकोट, देवगढ़ के साथ कई प्राकृतिक स्थान हैं, जहां पर शानदार तरीके से प्रीवेडिग शूट हो सकता है। सांगाखेड़ा की पहाडियों व चिलख की अतिसुंदर घाटियों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन स्थानों के साथ टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए होम स्टे में भी शूट किया जा सकता है। इन स्थानों की विजिट करने का सुझाव उन्होंने दिया।

**चीड़ पॉइंट, सप्तधारा व झिंगरिया में मिलेगी सशर्त अनुमति-** युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स ने कलेक्टर श्री सिंह को बताया कि चीड़ पॉइंट, सप्तधारा व झिंगरिया में फोटो शूट के लिए कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने इन स्थानों पर स्वच्छता रखने व सुरक्षित तरीके से फोटो शूट करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रीवेडिग शूट के लिए वन विभाग के माध्यम से सशर्त अनुमति दिलवाई जाएगी।

**शिक्षाप्रद कहानियों से युवाओं का बढ़ाया हौसला-** कलेक्टर श्री सिंह ने मीटिंग के दौरान युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स को कई शिक्षाप्रद किस्से सुनाए और उनका हौसला बढ़ाया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अच्छा कार्य करते हुए जीवन में आगे बढ़ें और अपने अंदर से डर को खत्म करें। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप छिंदवाड़ा में जन्में हैं, छिंदवाड़ा से प्यार करें और यहां के पर्यटन स्थलों का प्रमोशन करें, इससे जिले का आर्थिक व सामाजिक लाभ होगा।

**फोटो व वीडियो प्रतियोगिता के निर्देश-** कलेक्टर श्री सिंह ने मीटिंग में निर्देशित किया कि छिंदवाड़ा के प्रमुख पर्यटन स्थलों व ऐतिहासिक इमारतों की फोटो व वीडियो प्रतियोगिता करवाई जाए, जिससे युवा फोटो व वीडियोग्राफर्स को प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने युवाओं को जिला प्रशासन के सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सभी के सहयोग से छिंदवाड़ा में टूरिज्म का विकास संभव है, सभी वीडियोग्राफर्स इसमें सहयोग दें, ताकि देश और दुनिया के लोग छिंदवाड़ा को जान सकें और यहां के पर्यटन स्थल घूमें।

## आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड हर्रई के आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में निवासरत छात्र की मृत्यु के कारण छात्रावास अधीक्षक श्रीमती सविता तिवारी (मूल पद-प्राथमिक शिक्षक) आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर को लगाये गये आरोप का समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर निलंबन अवधि को मात्र पेंशन की गणना के लिए मान्य किया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड हर्रई के आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर में निवासरत छात्र की मृत्यु के कारण छात्रावास अधीक्षक श्रीमती सविता तिवारी (मूल पद-प्राथमिक शिक्षक) आदिवासी बालक छात्रावास सोनपुर को कार्यालयीन आदेश 23 सितंबर 2023 द्वारा निलंबित किया जाकर कार्यालयीन पत्र 30 अक्टूबर 2023 एवं पत्र 04 दिसंबर 2023 द्वारा आरोप पत्र/अतिरिक्त आरोप आदि जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती सविता तिवारी द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र का उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण कार्यालयीन आदेश 02 जनवरी 2024 द्वारा विभागीय जांच संस्थित कर विभागीय जांच अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किये गये। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा 16 नवंबर 2024 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी पर लगाये गये आरोप सत्य प्रतिवेदित किये गये। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी को कार्यालयीन पत्र 14 जनवरी 2025 द्वारा विभागीय जांच प्रतिवेदन की प्रति प्रेषित कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया। प्राथमिक शिक्षक श्रीमती तिवारी द्वारा 29 जनवरी 2025 को स्पष्टीकरण का उत्तर प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत उत्तर के साथ ऐसा कोई साक्ष्य अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये जिससे अपचारी कर्मचारी को लगाये गये आरोपों से मुक्त किया जा सके। इसीलिये छात्रावास अधीक्षक श्रीमती तिवारी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 (v) के तहत 03 (तीन) वेतन वृध्दि संचयी प्रभाव से रोकी गई है। इनके निलंबन अवधि को मात्र पेंशन की गणना के लिए मान्य किया गया है।

## 10वीं के एनएसक्यूएफ व कक्षा 12वीं के मराठी/उर्दू विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 133 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 60 परीक्षा केन्द्रों में शनिवार को कक्षा 10वीं के एनएसक्यूएफ विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 3537 दर्ज विद्यार्थियों में से 3490 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 47 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 01 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुआ। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 07 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 30 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

इसी प्रकार 06 परीक्षा केन्द्रों में शनिवार को कक्षा 12वीं के मराठी/उर्दू विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 88 दर्ज विद्यार्थियों में से 85 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 03 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। । जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 03 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 02 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 66 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई। परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दृष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने सुनी लोगों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा।** इंदौर प्रवास से लौटने के बाद सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने अपने परासिया रोड स्थित सांसद कार्यालय में पहुंचे लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उसका निराकरण किया। शनिवार को सांसद श्री साहू से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग सांसद कार्यालय पहुंचे हुए थे। लोगों से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने सभी की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक विचार कर उसका निराकरण किया। सांसद कार्यालय अपनी समस्या लेकर पहुंचे लोगों ने भी सांसद श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निराकरण करने का निवेदन किया। जिस पर श्री साहू ने कुछ समस्याओं का तत्काल ही निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या से अवगत कर उसका निराकरण करने के लिए कहा वही कुछ समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ताओं को दिया।

### भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मिश्रा ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

## लाड़ली लक्ष्मी बहना योजना का पंजीयन पोर्टल खोलने की मॉग



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी बहना योजना का पंजीयन पोर्टल खोलने की माँग भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के शनिवार को बालाघाट आगमन के दौरान उनसे मिल कर की हैं। श्री मिश्रा ने इस आशय का ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा है। जिस पर मुख्यमंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया है। श्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उनके द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों का जब दौरा किया गया, तब उनके संज्ञान में आया कि क्षेत्र सहित प्रदेश भर की अधिकांश बहनें विभिन्न तकनीकी खामियों की वजह से योजना का लाभ उठाने से वंचित रह गई हैं। जिन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाना आवश्यक है, जिसके लिए पोर्टल प्रारंभ किया जाना आवश्यक हैं। ताकि योजना से छूटी महिलाओं व बहनों को भी इस योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए इस विषय को दिखवाने का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय हैं कि इसके पूर्व भी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस संबंध में पत्र सौंपा गया था। लेकिन मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार द्वारा इस पोर्टल को खोलने के स्थान पर विभिन्न तकनीकी वजहें बताकर प्रतिमाह लाड़ली बहनाओं की संख्या में प्रदेश भर में कटौती की जा रही हैं। जिससे जिन लाड़ली बहनाओं के नाम सूची से कट रहे हैं, उनमें प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं।

### आखी के सूरमा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## रमरमा में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का समापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा के ग्राम पेंदीटोला में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले का समापन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के कलाकारों के ग्रुप द्वारा आखी के सूरमा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, वारासिवनी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, मेला समिति अध्यक्ष हंसराज कावरे, पूर्व सरपंच आशाराम कावरे, चैनसिंह जैतवार, आशीष चौधरी, कमल मर्सकोले व अन्य ग्रामीणजन अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि प्राकृतिक रमणीय स्थल व पहाड़ों में भगवान भोलेनाथ का वास होने से इस ग्राम का महत्व दिनोंदिन बढ़ते जा रहा हैं। यहॉ पर प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश के अतिरिक्त महाराष्ट्र व अन्य प्रदेशों के नागरिक व श्रद्धालुगण भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए आते हैं।

इस क्षेत्र में आवागमन की असुविधा होने के कारण ग्रामीणों की मॉग पर हमारे द्वारा नाका टोला से हनुमान मंदिर तक सडक़ निर्माण, स्वागत द्वार का निर्माण एवं लाईट लगवा कर रोशनी की व्यवस्था करवाई गई हैं। लेकिन मंदिर के सामने के कुछ हिस्से में सडक़ बनने से रह गई हैं, क्योंकि वहॉ पर किसानों की जमीन आ रही हैं। यदि किसानों द्वारा सडक़ निर्माण के लिए अपनी जमीन दी जायेगी, तो वहॉ भी सडक़ का निर्माण करवा दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन के सहयोग से बनाई गई कार्य योजना के कारण इस वर्ष मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो पाई और सभी भक्तों को आसानी से भगवान शिव के दर्शन करने का लाभ मिला। पुलिस व प्रशासन ने इस बार अच्छा कार्य किया है।

## महाशिवरात्रि पर आकोला में सपन्न हुआ रंगारंग कार्यक्रम

### देवी गीतों पर जमकर नाचे भोला भक्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के किरनापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम आकोला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जय नर्मदेश्वर महादेव पुसिया पैताल देव स्थान ग्राम आकोला में धर्ममय कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुवा। जंहा प्रथम चरण में शिवलिंग महारूद्राभिषेक पूजन एवं हवन ,प्रसादी वितरण किया गया। दूसरे चरण में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन के बाद महाप्रसादी भण्डारा किया गया। फिर रात्रि में श्री सिद्धेश्वरी जागरण एंड म्यूजिकल द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गयी। जिसमें कृपा पटेल भजन गायिका जयपुर राजस्थान ,करिश्मा विश्वकर्मा भजन गायिका आडियो ,वीडियों सिंगर ,रिंकी मर्स्कोले ,भजन गायिका ,यशस्वी सत्यम टोरिया ढोल वादक ,सत्यम टोरिया भजन गायक एवं उनके साथियों द्वारा लोकप्रिय देवी गीतों पर आकर्षक एवं दिल को छूने वाली एक से बढ़कर एक संगीतमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में मौजूद हजारों की भीड़ ने जमकर गीतों का आनंद उठाया और जमकर झूमे। ये आयोजन विगत कई वर्षो से सरसवार परिवार के तत्वधान में आयोजित किया जा रहा हैं। इस वर्ष भी इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार। पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार , विनय सरस्वार ,विनय सरस्वार के मार्ग दर्शन में ये आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुवा। जिसमें ग्राम आकोला ,किरनापुर ,लांजी ,हिर्री ,बालाघाट सहित अनेक ग्रामों के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस आयोजन को कार्यक्रम के सूत्रधार सम्राट सरस्वार ने कहा कि शिवरात्रि, जिसे ₹ शिव की महान रात्रि ₹ के रूप में भी जाना जाता है, सबसे शक्तिशाली और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण रातों में से एक है। यह फाल्गुन (फरवरी-मार्च) के महीने में कृष्ण पक्ष की चौदहवीं रात (चतुर्दशी तिथि) को मनाई जाती है।

## जमीनी विवाद के चलते एक 48 वर्ष शख्स की हत्या

### मृतक के पुत्र ने बड़े पिता के बेटे और रिश्तेदार पर हत्या का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम देवथाना के एक खेत में मानेगांव निवासी एक शख्स की कुएं से लाश बरामद की गई है. लाश के सिर पर चोट के निशान है. वहीं कुएं के आस-पास से ही कुछ ठंडे मिले है. जिसके चलते मृतक के पुत्र ने कथित तौर पर पिता की जमीनी विवाद के चलते हत्या करने का संदेह जताया है. मृतक के पुत्र के आरोप के बाद पुलिस दो लोगों से पूछताछ कर रही है जिसमें मृतक के भाई का बेटा और एक अन्य रिश्तेदार शामिल है. प्राप्त जानकारी अनुसार मानेगांव निवासी 48 वर्षीय शख्स गुलाब पिता बुद्धु लांजेवार का शव शनिवार की सुबह करीब 09 बजे उसी के देवथाना स्थित खेत में कुएं में तैरता हुआ देखा गया. मृतक के पुत्र मंगेश लांजेवार ने बताया कि उसके पिता प्रतिदिन की तरह आज भी सुबह तड़के करीब 05 बजे खेत में फसल की सिंचाई के लिए पानी देखने गए थे लेकिन सुबह करीब साढ़े 08 बजे तक वह घर वापस नहीं पहुंचे तो वह अपने पिता को देखने के लिए खेत पहुंचा. जहां पिता की लाश कुएं में तैरते हुए दिखाई दी. मंगेश का आरोप है कि उसके पिता की हत्या बड़े पिता के बेटे राजेश लांजेवार और हरूपलाल खानगोने सहित अन्य लोगों ने मिलकर की है. पुलिस ने इन्हीं दो लोगों से पूछताछ शुरू की है. पुलिस ने मृतक का शव कुंए से बरामद कर लिया है वहीं पंचनामा कार्रवाई भी कर ली है. चूंकि हत्या का संदेह होने के चलते एफएसएल की टीम को साक्ष्य एकत्रित करने के लिए घटनास्थल पर बुलवाया गया है. दोपहर 02 बजे तक यह टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी. टीम के पहुंचने के बाद ही शव को पीएम के लिए लाया जाएगा।

मृतक के पुत्र ने बताया कि करीब साढ़े 06 एकड़ की जमीन का विवाद है. बड़े पिता के बेटे राजेश ने पूरी जमीन अपने नाम करवा ली है. करीब 03 माह से यह मामला एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है. एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ही इस प्रकरण की पेशी थी. लेकिन तिथि आगे बढ़ गई. इसी जमीनी विवाद के चलते पिता की हत्या की गई है. मंगेश ने यह भी बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व जमीन के विवाद को लेकर राजेश से पिता का झगड़ा हुआ था तब राजेश ने जान से मारने की धमकी भी दी थी तब कटंगी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी. फिलहाल गुलाब लांजेवार की मौत कैसे हुई यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### भगवान बिरसा मुंडा व रानी अवंतीबाई की प्रतिमा का किया अनावरण

## लांजी में विकसित होगा कोटेश्वर धाम, किरनापुर बनेगी नगर पंचायतः सीएम

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के लॉंजी में आठ दिवसीय आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कोटेश्वर महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भोलेबाबा वरदानी है, वें सरलता, तरलता, निश्छलता के प्रतीक है। भोलेनाथ की जटाओं में गंगा माता विराजी है। बाबा के ह्रदय से प्रेम की गंगा बहती है, उनके लिए सभी जन समान है, इसलिए बाबा महादेव कहलाते है, जिन्हें सब समान रूप से पूजते है। उन्होंने अपने सम्बोधन में अमृत मंथन के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि महादेव अद्भुत देव है। सबके जीवन में आनंद बरसे इसलिए उन्होंने अमृत मंथन से निकले जहर को पी लिया। अमृत मंथन से सब अच्छी वस्तुओं को सभी ने लिया लेकिन जब जहर निकला तो सारा ब्रह्मण्ड कॉंप उठा, तब सभी देवताओं को महादेव याद आए। महादेव ने विष पीकर सबका कल्याण किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे यहाँ मेला आयोजन की परम्परा रही है। लांजी मेले की परम्परा से जुडा है, मेले के माध्यम से प्रेमभाव बढ़ता है। यह हमारी संस्कृति है,प्राचीन काल से ही मेले की संस्कृति अद्भुत बनायी है। अभी होली का त्योहार आने वाला है। होली में जो बिछड़ गया है,उससे मिलने का अवसर मिलता है, होली और दीपावली से पूरा वर्ष आनंद में बीतता है, हमारे यहाँ संक्रांति से विभिन्न मेलों का आयोजन शुरू हो जाता है। महाकाल की नगरी उज्जैन से शिवरात्रि के अवसर पर विक्रमोत्सव प्रारम्भ हुआ, राजा विक्रमादित्य का जीवन अद्भुत है,जो न्याय, धर्म, ज्ञान, संस्कृति, और वीरता का प्रतीक है,राजा विक्रमादित्य के नाम से प्रारम्भ विक्रम संवत गुड़ी पड़वा से प्रारम्भ होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी अवंति बाई स्टेडियम में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन कोटेश्वर शिव मंदिर के विकास के लिए एस्टीमेट तैयार करें। शासन द्वारा प्राचीन कोटेश्वर महादेव मंदिर का विकास कार्य किया जाएगा। वहीं किरनापुर पंचायत को नगर पंचायत बनाने की भी घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने कारंजा हायर सेकेंडरी स्कूल का नामकरण बाला साहब देवरस व भाऊ राव देवरस के नाम पर करने की भी घोषणा की है। वहीं उन्होंने लांजी नगर में भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंति बाई की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोटेश्वर महोदेव मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने में योगदान देने का संदेश दिया। ज्ञात हो कि कोटेश्वर मन्दिर 12वीं शताब्दी का ऐतिहासिक शिव मंदिर है, जो प्राकृतिक सुंदरता समेटे हुए है। प्राचीन मंदिर आस्था का मुख्य केंद्र है। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन व धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेंद्र लोधी, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, नपरि अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेंद्र खोकर, नपरि उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, एडीएम जीएस धुर्वे, एसडीएम कमल सिंहसार, एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्र सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजुद रहें। मुख्यमंत्री मोहन यादव के लांजी आगमन को लेकर कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में एसडीएम कमलचंद सिंहसार एवं एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्र द्वारा क्षेत्र में पुलिस टीम को चप्पे-चप्पे पर मुस्तैदी से तैनात किया गया था वहीं प्रशासनिक अधिकारियों को भी उनके कार्य के अनुरूप एसडीएम द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई जिन्होने कुशलता पूर्वक उसका संचालन किया।

## खबर संक्षेप

### बैल से टकराई बाईक दो गंभीर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर में पहाड़ी गांव के पास एक सड़क हादसा हो गया। सुकुम गांव से घंसौर जा रहे दो बाइक सवार बैल से टकरा गए। हादसे में 26 वर्षीय सेवक राम सैय्यम और 58 वर्षीय नारायण चोरे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

### युवक हादसे में घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के भैरवघाटी के पास सड़क हादसे में एक एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। । पुलिस ने बताया कि नरसिहपुर जिला के ग्राम तेंदुखेड़ा निवासी मयंक पिता हरिराम पटेल (25) नागपुर बाइक से जा रहा ।। इसी दौरान उसे भैरवघाटी के पा। पास एक वाहन ने टक्कर मार घायल कर दिया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रंजिश पर मारपीट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि ग्राम कोहका निवासी पंकज पिता जीतसिंग सनोडिया (20) को ग्राम के प्रियंम सनोडिया, अमित, हिमांसू और अनुप सनोडिया ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मारपीट का मामला दर्ज, जांच शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम खैरीकला निवासी राजेश्वर पिता तीरथ सिंग बघेल (32) ने आरोप लगाया है कि ग्राम निवासी राजू बघेल पिता हजारी बघेल ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जनपद की ग्राम पंचायत लुंगसा मेहरापिपरिया में सरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद वोटिंग की गई। विकासखंड स्तर से नायब तहसीलदार और जनपद पंचायत से पीसीओ व उनके सहायक की मौजूदगी में गई। इस दौरान 16 वार्ड पंचों द्वारा प्रस्ताव के पक्ष में जबकि 3 वार्ड पंचों ने प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया। एक वार्ड पंच का चोट निरस्त किया गया। 19 वार्ड पंच और एक सरपंच मिलकर कुल 20 लोगों ने मतदान किया। ज्ञात हो कि लुंगसा में अनुसूचजाति महिला के लिए सरपंच पद आरक्षित है।

### बाइक से गिरकर घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर थाना अंतर्गत ग्राम बगदरी के समीप बाइक स्लिप होने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घंसौर पुलिस ने बताया कि ग्राम मेहता निवासी बसंत बरमान (35) गुरुवार की रात्रि में शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहा था तभी ग्राम बगदरी के पास बाइक से गिर गया।

# सामूहिक विवाह में 562 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजनान्तर्गत आज लखनादौन विकासखण्ड के वन विद्यालय मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 562 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, जनपद अध्यक्ष पार्वती डुमारी उईके, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दीपक निगम, नगर परिषद अध्यक्ष मीना गोल्हानी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं एसडीएम श्री रवि कुमार सिहाग सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं वर-वधु के परिजनों की उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चावल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जनपद लखनादौन श्री प्रशांत उइके ने प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 186 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 375 आदिवासी रिवाजो से एवं 01 जोड़ो ने मुस्लिम विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधु और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।



# 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुँचे राज्य निर्वाचन आयुक्तों का हुआ आत्मीय स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित की जा रही राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में सहभागिता करने पहुँचे विभिन्न राज्यों के आयुक्तों एवं अधिकारियों का मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की प्रचार- प्रसार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई किट आगन्तुकों को भेंट की गई।

# विदाई अभिनंदन समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी की वरिष्ठ दीदी श्रीमती ममता दुबे की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय में विदाई अभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नितिन चौधरी विद्या भारती महाकौशल प्रांत सह सचिव उपस्थित रहे । जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी कोषाध्यक्ष ,श्रीमती कल्पना मिश्रा समिति सदस्य, श्री विजय शुक्ला सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं श्री स्वराज पटले सर मंचासीन रहे ।श्रीमती ममता दुबे का शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र ,एवं सम्मान निधि द्वारा अभिनंदन मंचासीन अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा किया गया । इस अवसर पर श्रीमती शुभांगी पटेवार , श्रीमती विभा परमार, श्रीमती वीणा पांडे , श्री शिवांशु गठोरिया ने श्रीमती ममता दुबे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से जुड़ी हुई यादें साझा की। उन्हें अनुशासन प्रिय, कर्तव्य निष्ट, समय पालक बताया ।इस अवसर पर विद्यालय कोषाध्यक्ष श्री मनोज मर्दन त्रिवेदी एवं प्रांत सह सचिव श्री नितिन चौधरी ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्री कृष्ण मुरारी दुबे ने किया । इससे पूर्व विदाई गीत श्रीमती मनीषा तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट / मॉडल एवं आदर्श संस्कृत आवासीय विद्यालय के प्रवेश पत्र जारी

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि संचालक राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड म.प्र.भोपाल के अनुसार जिला स्तरीय उत्कृष्ट / मॉडल एवं आदर्श संस्कृत आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा रविवार 09.03.2025 को आयोजित होगी।

संचालक राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड म.प्र.भोपाल द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की बेवसाईड- www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सभी संबंधित प्राचार्य को अपने संकुल अंतर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र अपलोड कर जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी को अवगत कराना सुनिश्चित करेगें।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षाऐं

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार शनिवार 01 मार्च को हाईस्कूल की एन.एस.क्यू.एफ. के समस्त विषय की परीक्षा 45 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 2786 परीक्षार्थियों में 2758 उपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। इसी तरह हायरसेकेण्डरी की उर्दू विषयक की परीक्षा 03 केन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 86 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा नकल प्रकरण निरंक रहा। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी संतराम अहिरवार का नहीं जोड़ा गया नल कनेक्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।**

छपारा नगर परिषद के द्वारा सीएम हेल्पलाइन बंद करने के नाम पर जिस तरीके को अपनाया गया था वह मामला प्रदेश की मीडिया में जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. लेकिन इसके बाद भी पीड़ित संतराम अहिरवार का नल कनेक्शन नगर परिषद के द्वारा नहीं जोड़ा गया है. दरअसल छपारा नगर परिषद के रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 1 के रहने वाले संतराम अहिरवार ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करते शिकायत किया था. जब छपारा नगर परिषद का गठन नहीं हुआ था तब वह ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी में मेट के पद पर कार्यरत थे. जिन्हें 4 महीने नगर परिषद में में रखने के बाद हटा दिया गया. इसी मामले को लेकर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करते हुए रोजगार की मांग की थी. यह मांग उन पर इस कदर भरी पड़ी की नगर परिषद ने उनके घर के सामने 4 फीट का गड्ढा खोदकर नल कनेक्शन काट दिया. जिस घर में पेयजल व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई. यह पूरा मामला प्रदेश भर में मीडिया में छाया हुआ है इतना ही नहीं इस घटना को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर घटना की आलोचना की है. लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई ना ही पीड़ित का नल कनेक्शन जोड़ा गया

### इधर, सीएमओ बोले समझाइश देने भेजे थे जेसीबी



हैरानी की बात तो यही है कि इस घटना को लेकर संतराम अहिरवार ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से इस मामले को लेकर शिकायत की है. जहां कलेक्टर ने जांच कर जाने की बात कही है। लेकिन अब तक संतराम अहिरवार के घर का नल कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है. जबकि इस मामले को लेकर नगर परिषद के सीएमओ की प्रतिक्रिया जो सामने आई है. उन्होंने कहा है कि समझने के बाद भी शिकायतकर्ता नहीं माना हमने बोला की शिकायत निराधार है. आप शिकायत हटा लीजिए अपने शिकायत गलत की है .आपका कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं है. आप अगर समझदारी से शिकायत नहीं हटते हैं तो हमें नियम अनुसार कार्रवाई करना होगा. हमने कहा कि आपका जो टैक्स बकाया है ₹6000 टैक्स है उसे जमा करवाइए वित्तीय वर्ष हमारा चल रहा है. जो लोग जल टैक्स की राशि नहीं दे रहे है. उन पर कार्रवाई की जा रही है हमारी जेसीबी गई गड्ढा खोदा उनका नल कनेक्शन नहीं काटा और जेसीबी मशीन को वापस बुला लिया. सिर्फ उसको समझाइश देने के उद्देश्य से जेसीबी भेजा था. लेकिन उसे व्यक्ति ने उसको गलत तरीके से लेकर गलत शिकायत की है. उक्त व्यक्ति के हमारे पास उसका कोई वैधानिक रिकॉर्ड नहीं है उसने ग्राम पंचायत में काम किया है या नहीं किया है. इसलिए वह पात्रता नहीं रखता .शिकायत को निराधार मानकर बंद करने की संबंधित व्यक्ति नहीं मान. यह बात नगर परिषद के सीएमओ ने अपने पक्ष में कही है. वहीं राम अहिरवार का कहना है कि उनके ऊपर जो नल टैक्स का बकाया है उसको लेकर पूर्व में या वर्तमान में कोई भी नोटिस नगर परिषद के द्वारा नल टैक्स की बकाया राशि का नहीं दिया गया इतना ही नहीं उनका यह भी कहना है कि वह अकेले व्यक्ति नहीं है जिनका नल टैक्स की राशि बकाया है जबकि उनके वार्ड में सैकड़ो लोगों के द्वारा नाल टैक्स की राशि नहीं दी गई है सिर्फ उनके ऊपर ही इस तरह की कार्यवाही की गई है. और उन्हें पेयजल के पानी के लिए मोहताज कर दिया है. वही इस घटना को लेकर सिवनी में एनएसयूआई के द्वारा भी विरोध दराज करते हुए कलेक्टर को शिकायत कर की है।

# जिला बदर आदेश के उल्लंघनकर्ता आरोपी को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

थाना डूण्डासिवनी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधीकारी श्रीमती पूजा पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में धाना प्रभारी किशोर बामनकर के नेतृत्व मे अनावेदक युवराज तेकाम उर्फ बहादुर का जिला बदर दिनाँक 06/11/2024 को दण्डाधिकारी महोदय सिवनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस पर दण्डाधिकारी महोदय सिवनी व्दारा अनावेदक को 01 वर्ष हेतु प्रत्येक सप्ताह में 01 दिन सोमवार को थाना डूण्डासिवनी में उपस्थिति दर्ज कराने एवं जिला बदर अवधि के दौरान अन्य कोई अपराध घटित ना करने का आदेश दिया गया था जो कि अनावेदक युवराज तेकाम उर्फ बहादुर व्दारा दिनांक 30/01/2025 को विशाल श्रीवास के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डूंडासिवनी में अप.क्र.44/2025 धारा 296,115(2),11(1), 351(2),3 (5) बीएनएस. का अपराध कायम किया गया हैं जो अनावेदक युवराज उर्फ बहादुर व्दारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर मौके पर धारा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी युवराज तेकाम उर्फ बहादुर को दिनाँक 27/02/2025 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया जाकर जिला जेल सिवनी में दाखिल किया गया हैं।

### कांग्रेस ने मनाई डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के छायाचित्र पर गेंदलाल भलावी ने माल्यार्पण किया एवं दीपप्रज्जवलित रामकुमार कुल्हाडा मासाब द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विष्णु करोसिया, राकेश सनोडिया, तेजसिंह रघुवंशी, ध्रुरवनारायण चौधरी, देवेन्द्र ठाकुर, मोहनसिंह ठाकुर, अनिल मर्सकोले, विनोद नामदेव, नन्दू यादव, सुजीत गोदरे, राजकुमार ठाकुर, नितिन बघेले, शिवदीप डहेरिया, अफरोज खान, डालचंद पप्पू पुसाम, जयप्रकाश यादव की उपस्थिति रहीं।

# चोरी का संदेह: तेल के डब्बों से भरा मिला ट्रक, तीन आरोपी गिरफ्तार

कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में ढाबे के पास पुलिस को निजी कंपनी के तेल के डिब्बों से भरा एक ट्रक मिला है। पुलिस ने चोरी के संदेह में मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनके पास ट्रक से संबंधित कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिले हैं। ऐसे में पुलिस को संदेह है कि ट्रक एवं उसमें रखा सामान चोरी का है।

### आरोपी पुलिस को नहीं दिखा पाए दस्तावेज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपरिया में एक ट्रक खड़ी है, जिसमें तेल के डिब्बे रखे हुए हैं। जिसे कोई निकालकर ले जा रहा है। वहीं कुछ लोग ट्रक के नंबर प्लेट को मिटा रहे हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ हर्षित बघेल पिता मदनसिंह बघेल(24) निवासी कान्हीवाड़ा, विजय पिता टामेश्वर मडावी(37) निवासी ग्राम छतरवाड़ा, मंडला, सतेन्द्र पिता ख्यालसिंह पटले(35) निवासी ग्राम चुटका थाना कान्हीवाड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपी वाहन चालक राहुल बघेल ने पुलिस को बताया कि वह चौरई के शेख सोहेल के ट्रक को चलाता है। 24 फरवरी को ट्रक में तेल के 423 टीन लेकर नवी मुम्बई जाना था, लेकिन वे नागपुर से सिवनी की तरफ निकल गए। पिपरिया ढाबे में खड़े थे। कुरई पुलिस ने मामले में कार्रवाई कर विस्तृत जानकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस कार्रवाई में उनि अजय कुमार जयसवाल, प्र.आर. सत्य कुमार इनवाती, प्रआर श्याम कुमार वर्मा, आरक्षक अविनाश पाण्डेय, आरक्षक चालक यशपाल उइके की सराहनीय भूमिका रही।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें

# अब सुपर फास्ट बनी पातालकोट एक्सप्रेस, समय की होगी बचत




**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

पातालकोट एक्सप्रेस शनिवार से सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में परिचालित की जाएगी। इस ट्रेन का नंबर और समय में भी बदलाव किया गया है। रेलवे बोर्ड ने नई समय-सारणी जारी कर दी है। फिरोजपुर से छिंदवाड़ा होते हुए सिवनी आने वाली पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नया नंबर 20424 होगा। वहीं सिवनी से छिंदवाड़ा होते हुए फिरोजपुर जाने वाली पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नया नंबर 20423 निर्धारित किया गया है। नई समय-सारणी के अनुसार पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20424) फिरोजपुर से सुबह 4.10 बजे रवाना होगी और यह ट्रेन छिंदवाड़ा सुबह 5.05 बजे और सिवनी सुबह 6.20 बजे पहुंचेगी। इसके पश्चात पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20423) सिवनी से सुबह 8.20 बजे रवाना होगी और छिंदवाड़ा सुबह 9.20 बजे पहुंचेगी। छिंदवाड़ा से यह ट्रेन सुबह 9.50 बजे रवाना होगी।

पातालकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस के परिचालन समय में किराया में भी बदलाव पातालकोट एक्सप्रेस के सुपरफास्ट होने से किराया में भी बदलाव किया गया है। बताया जाता है कि 10 से 50 रुपए तक किराया में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में लोगों का सफर महंगा होगा। भटिंडा रेलवे स्टेशन से लेकर सिवनी स्टेशन तक आशिक परिवर्तन किया गया है।

# पंजाब नेशनल बैंक द्वारा देवरी कलॉ पहाड़ी में कृषि प्रसार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज।** जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पहाड़ी कृषि प्रसार कार्यक्रम 1 मार्च 2025 शाखा देवरी कलॉ (गणेशगंज) पहाड़ी खुशी आजीविका स्व समूह, पहाड़ी टोला, वेद आजीविका स्वं सहायता समूह झिरी एवं अन्य समूह उपस्थित रहे थे। एआईएफ योजनाओं के प्रतुवा नेशनल मार्च 2025 को देवरी कलॉ (गणेशगंज)में आयोजित पंजाब नेशनल बैंक जाता है। यह कार्यक्रम स्वयंमूह एसएचजी वित्तपोषण कृषिवधि एआईएफ और प्रधानमंत्री सुध्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा या इमविशेष आयोजन में स्थानीय



प्रशासन, विभागीय अधिकारी समूहों के प्रतिनिधि और किसान को बैंकिंग क्षेत्र में इस प्रकार को पात ग्रामीण और कृषि क्षेत्र के विकास में महावपूर्ण भूमिका निभाती है। और पंजाब नेशनल बैंक ही जों को बैंक लिकिंग कृषि वरिओं के होने न करने की बैंक की प्रतिबद्धता की दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान कई एसएचजी समुह कोस्पॉट स्वीकृतियां प्रदान की जाएंगी जिससे उन्हें अपने व्यवसाय और कृषि गतिविधियों की आगे बहाने में मदद मिलेगी। देवरी कलॉ (गणेशगंज)में आयोजित या कृषि प्रसार कार्यक्रम कृषि और स्थ क्षेत्र के लिए लाभकारी योजनाओं की लोकप्रिय बनाने का एक प्रभावी मंच साबित होगा। योगेश मासतकर शाखा प्रबंधक,भरत परमार, विकासखण्ड प्रबंधक एनआरएलएम राजेश राय सहायक विकास खंड एनआरएलएम रमेश अहिरवार सहायक विकास खंड प्रबंधक एनआरएलएम योगेंद्र पाठक सचिव ग्राम पंचायत पहाड़ी की उपस्थिति संपन्न किया गया है।

# स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिक विभाग म.प्र.शासन) जिला सिवनी के द्वारा होटल अशीर्वाद पैलेस में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सह सम्मेमलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेंद्र सिसोदिया जिला संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशिष्ट अतिथि श्री सुजीत जैन कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री सौरभ शुक्ला, जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सिसोदिया द्वारा उदबोधन में समग्र ग्राम विकास की संपूर्ण अवधारणा पर उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि आप सभी लोग शासन के एक बेहद महत्वपूर्ण अभियान से जुडे हैं, जिसे जन अभियान परिषद लीड कर रहा है। आप सभी लोग इस नेटवर्क का लाभ लेते हुये परिषद के मार्गदर्शन में अपनी संस्था को उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर लेकर जाए साथ ही अपने जिले एवं गांव का नाम रोशन करें। वही विशिष्ट अतिथि श्री सुजीत जैन ने उपस्थित प्रतिभागियों से



शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला की संक्षिप्त प्रस्तावना देते हुए कहा कि परिषद द्वारा समय-समय पर आप सभी स्वैच्छिक संस्थाओं की क्षमता वृध्दि हेतु ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किये जाते है। निश्चित ही इसका लाभ भी आपके द्वारा लिया जा रहा है, परंतु परिषद को आपसे अपेक्षांए भी है। आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने में संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है. हम उम्मीद करते है कि आप सभी हमारी अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। सत्र दर सत्र चले इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम सत्र के विषय म.प्र. जन अभियान परिषद का परिचय एवं विभागीय संरचना तथा योजनाओं के बारे में विकासखंड समन्वयक जप धनोरा श्री श्याम उईके, द्वीतीय सत्र के विषय स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं प्रबंधन विषय पर परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमति मधुबाला चौरसिया एवं मोनिका चौरसिया द्वारा लिया गया। तृतीय विषय के रूप में स्वैच्छिक संगठनों के महत्वपूर्ण अधिनियम एवं पंजीयन तथा कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटि के लिये संयुक्त रूप से अनिल चौरे एवं सुश्री अफसा अंजुम, विकासखंड समन्वयक जअप, आदर्श ग्राम की परिकल्पना विषय पर श्री प्रदीप तिवारी (विभाग प्रमुख ग्राम स्वावलंबन सिवनी) सोशल ऑडिट हेतु श्री सी के चौबे (सेवा निवृत, एएसडी जिला पंचायत सिवनी) के द्वारा विषय सत्र लिया गया एवं इन सत्रों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। अंत में समापन सत्र में मुख्य अतिथि श्री प्रवीण मिश्रा, जिला संपर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर अपने अपने क्षेत्रो में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की एवं शुभकांमनायें प्रदान की।

# खराब समझकर फेंका खाना: 10 हजार लोगों के लिए बने भोजन के आलू में दिखा सफेद पदार्थ; वेंडर बोला- झाग है





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के एक दिवसीय दौरे के दौरान भोजन व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कार्यक्रम में जिले भर से 285 बसों में ग्रामीणों को लाया गया था।

भोजन में परोसी गई आलू की सब्जी में सफेद पदार्थ दिखने के कारण कई ग्रामीणों ने खाना खाने से मना कर दिया। कुछ लोगों ने इसे फफूंद समझकर भोजन के डब्बे फेंक दिए। फूड इंस्पेक्टर ने इस मामले की जानकारी होने की बात स्वीकारी, लेकिन पुष्टि नहीं की।

### वेंडर बोला- फफूंद नहीं, झाग था

वेंडर जयकुमार चापुकर ने बताया कि उन्हें करीब 10 हजार लोगों के भोजन का ऑर्डर मिला था। उन्होंने 16-17 घंटे में भोजन तैयार किया। आलू को बारीक काटकर तला गया था और उसमें नमक-मिर्च मिलाया गया था। वेंडर के अनुसार, आलू में दिखाई दे रहा सफेद पदार्थ फफूंद नहीं बल्कि झाग था, जो आलू के पीस को तलने और पूड़ी के साथ रखने से आया था।

उत्कृष्ट विद्यालय में भोजन वितरण के दौरान वाहन प्रभारियों और फूड इंस्पेक्टर के बीच विवाद भी हुआ। वाहन प्रभारी भोजन की मांग कर रहे थे, जबकि फूड इंस्पेक्टर पैकेट देने से मना कर रहे थे। एक वीडियो में फूड इंस्पेक्टर ने कहा कि ऊपर से पैकेट बांटने पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने स्वास्थ्य जोखिम का हवाला देते हुए वितरण रोका।

### फूड इंस्पेक्टर बोले- मैंने खाया है

फूड इंस्पेक्टर आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि खाने में फफूंद की शिकायत मिली है। लेकिन इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। कई लोगों ने खाना लेकर उन्हें समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि खाना तो मैंने भी खाया है, लेकिन इसमें मुझे कोई समस्या नहीं आई है।

बैहर विकासखंड से आए एकम सिंह धुर्वे ने बताया कि गांव से बहुत से लोगों को बसों में भरकर लाया गया। यहां पर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों को भी लाया गया। कई लोगों को खाना भी नहीं मिला। बताया जाता है कि बालाघाट में हो रहे सीएम के कार्यक्रम में गांवों से लोगों को मुख्यालय भिजवाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के सचिवों और रोजगार सहायकों को दी गई थी।

## वन विभाग ने लामता में निकाली बाइक रैली



### जंगल में आग से बचाव के लिए 20 से अधिक गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के जंगलों को गर्मी के मौसम में लगने वाली आग से बचाने के लिए वन विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। शनिवार 1 मार्च को उत्तर सामान्य वन मंडल के लामता परिक्षेत्र में बाइक रैली निकाली गई।

आईएफएस प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी हितेश खंडेलवाल के नेतृत्व में यह रैली लामता से शुरू हुई। रैली ने नरसिंगा, खुरसोड़ा, टाकाबर्रा समेत 20 से अधिक गांवों का दौरा किया। वनकर्मियों ने ग्रामीणों को जंगल की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आग से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया।

रैली के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से जंगल की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इससे न केवल पेड़-पौधों को नुकसान होता है, बल्कि वन्य जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है।

इस जागरूकता अभियान में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी शिवप्रसाद नगपुर, रोशनलाल पड़वार और विजय श्रीवास्तव समेत कई वनरक्षक और वन समिति के सदस्य शामिल थे।



### नाव डूबने से लापता युवक दूसरे दिन भी नहीं मिला

**बालाघाट।** बालाघाट के लामता तहसील के मोंगराटोला में रहने वाले गंगाराम पंचेश्वर (32) का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। गंगाराम एक दिन पहले 28 फरवरी को वैनगंगा के संगम घाट में नाव डूबने से लापता हो गए थे। गंगाराम की सिवनी जिले के उगली क्षेत्र में सरेखा में मोटर वाइंडिंग की दुकान है। वह रोज की तरह शुक्रवार को दोपहर 12 बजे दुकान जाने के लिए निकले थे। संगम घाट पर नाव में उनके साथ नाव चालक समेत 4 लोग और 2 बाइक सवार थे।सिवनी की हिर्री नदी और बालाघाट की वैनगंगा नदी के संगम पर नाव डूब गई। नाव चालक और 2 अन्य लोग तैरकर बाहर निकल गए। लेकिन गंगाराम और 2 बाइक डूब गई। नाविक ने तुरंत गंगाराम के परिजनों को फोन कर सूचना दी।

## शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को दिया जा रहा कराटे का प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासन की बहुआयामी योजना बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत नगर के ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्थान टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं के साथ बालकों को भी कराटे का प्रशिक्षण ब्लैक बेल्ट विजेता सुश्री शिवानी बंसोड़ द्वारा अंतिम कालखण्ड में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्म बल, व्यक्तित्व विकास एवं ऊर्जावान बनाने की कला सिखाई जा रही है। यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाध्यापक पंचम हनवत और शाला के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर संस्था प्रमुख पंचम हनवत द्वारा कहा गया कि कराटे की कला विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मरक्षा में सहायक होगी। आज के समय में सभी विद्यार्थियों को कराटे का ज्ञान होना जरूरी हैं, महिला सशक्तिकरण के लिए शासन अनेक योजना चला रही हैं, जरूरत है कि महिलाएँ एवं युवतियाँ आगे आकर उसका लाभ ले। इस संबंध में प्रशिक्षिका सुश्री शिवानी बंसोड़ ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता हैं। विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कराटे का प्रशिक्षण आवश्यक हैं। इस प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं का मन पढ़ाई के प्रति मनोवैज्ञानिक रूप से लगता हैं, साथ ही शारीरिक व्यायाम का भी अतिरिक्त लाभ मिलता है, इससे आत्मरक्षा के प्रति विश्वास जागृत होता है।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर हुआ आयोजित

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश व सचिव श्री सतीष शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया कि भारत का संविधान महिलाओ को समानता का दर्जा प्रदान करता है परन्तु हमारे देश में घटित होने वाले अपराधो का विश्लेषण करे तो स्पष्ट होता है कि महिलाओं से संबधित अपराधों में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है।

## भोलेनाथ की बारात में जनकर झूमे विधायक पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

महाशिवरात्रि पर्व पर वारासिवनी नगर के श्री जागेश्वर शिव मंदिर से भक्तों ने शिव बारात निकाली। इस शिव बारात में भगवान भोलेनाथ को दूल्हा बनाकर शिव गणों के साथ माता गौरा संग ब्याह रचाने पंचमुखी शिव मंदिर के लिए निकले। जिसमें हजारों शिव भक्तों के साथ क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल सहित अनेंक जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। भगवान भोलेनाथ की यह बारात पुराने रामपायली मार्ग स्थित श्री जागेश्वर शिव मंदिर से निकाली गई, जो गोलीबारी चौक, गाँधी चौक, अम्बेडकर चौक, दुर्गा माता मंदिर, नेहरू चौक जय स्तम्भ चौक होते हुए वापस फव्वारा चौक, आंबेडकर चौक होकर नगरपालिका के सामने स्थित पंचमुखी शिव मंदिर पहुंची। इस शिव बारात में बज रहे बैंड बाजों की मधुर धुन पर भक्तों के साथ-साथ विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, संदीप मिश्रा, गुड्डू सोनी सहित कई जनप्रतिनिधिगण व श्रद्धालुगण जमकर थिरके। शहर के मुख्य मार्गो से निकली इस शिव बारात में मुख्य आकर्षण महादेव के स्वरूप कलाकार, भगवान हनुमान व उनके साथ भूत, प्रेत की फौज थी। यह टोली भस्म की होली खेलते हुए ढोल नगाड़ों की धुन पर झूमते नाचते हुए शहर में निकली। इस शिव बारात का अनेकों जगह शिव भक्तों द्वारा पूजन अर्चन कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान जहाँ-जहाँ से भगवान भोलेनाथ की बारात गुजरी, वह स्थल शिव भक्ति में रमा नजर आया। शिव बारात के पंचमुखी शिव मंदिर पहुँचने पर समिति द्वारा शिव बारात में शामिल बारातियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भगवान शिव, भूत, प्रेत की आकर्षक झॉकियों सजाई गई थी। इस मौके पर देवी जानरण के माध्यम से भगवान शिव के भजन गायिका द्वारा प्रस्तुत किये गए। जिसके बाद भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भगवान शिव के साथ माता पार्वती का विवाह सम्पन्न किया गया। विवाह समारोह के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया गया।

# वन्य प्राणी बाघ का मिला शव: गले में लटका मिला फंदा

### आहार नली टूटी, भूख-प्यास से हुई मौत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा वृत के कोड़मी बीट में जल संसाधन विभाग के डूब क्षेत्र में बेरसम की झाड़ियों के बीच खेतों के आस-पास शनिवार की सुबह करीब 06 बजे के आस-पास वन्य प्राणी व्यस्क बाघ (नर) का शव मिला है. चिकित्सकों ने प्रारंभिक निष्कर्ष में भूख-प्यास की वजह से बाघ की मौत होने का अनुमान लगाया गया है. बाघ के गले में एक तार (एक्सीलेटर वायर) का फंदा लटका हुआ था. चिकित्सकों के अनुमान के मुताबिक बाघ के द्वारा इस तार को गर्दन से निकालने में खींचतान करने में आहार नली टूट गई थी जिस कारण वह भूखा रह गया और इसी वजह से उसकी मौत हो गई. डिप्टी रेंजर और वन रक्षक ने एक दिन पूर्व यानी शुक्रवार को वन्य प्राणी बाघ को डूब क्षेत्र में देखा था तब विभाग को बाघ की स्थिति की ठीक जानकारी नहीं थी. जिस कारण शनिवार की सुबह वन विभाग की टीम बाघ को ट्रेस करने के लिए मौके पर पहुंची जहां बाघ का शव देखा गया. जिसकी सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार और पूरा वन अमला मौके पर पहुंचा और वरिष्ट अधिकारियों को सूचना दी गई. सूचना मिलने पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से अनिल दशहरे, प्रभारी उप वन मंडल अधिकारी विनीता फुलवेल, वारासिवनी वन परिक्षेत्र अधिकारी छत्रपाल सिंह जादौन और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ देवव्रत डहेरिया, सुरेन्द्र कुमार मर्सकोले और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा. दोपहर करीब ढाई बजे के आस-पास बाघ के शव को झाड़ियों से निकाला गया. वहीं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार चिकित्सकों की टीम ने घटनास्थल पर ही बाघ का पीएम किया. शाम करीब 06 बजे डीएफओ अधर गुप्ता, तहसीलदार सुरेश उपाध्याय सहित अन्य वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

**शिकारी जंगली सुअर को पकड़ने लगाते है फंदे:** दरअसल, जिस तरह के तार का फंदा वन्य प्राणी बाघ की गर्दन से मिला है. उस तरह के फंदे आमतौर पर शिकारी जंगली सुअर का शिकार करने के लिए जंगलों और जंगलों से सटे हुए खेतों में लगाते है. ताकि आसानी से जंगली सुअरों को शिकार कर ले अभी तो यहीं माना जा रहा है कि यह फंदा भी जंगली सुअर के लिए ही लगाया गया होगा लेकिन उसमें बाघ फंस गया. चिकित्सकों के अनुमान के मुताबिक करीब 15 दिन पहले बाघ इस फंदे की चपेट में आया है. इस घटना के बाद डीएफओ ने वन परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड को जंगल में गश्ती बढ़ाने कहा है. इसके साथ ही जंगल और खेतों में इस तरह के तारों के फंदों को ढूंढने के आदेश दिए है. वहीं इस घटना के बाद डॉग स्क्वायड की टीम के जरिए भी जंगल में सर्चिंग की गई लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा।

**पीएम रिपोर्ट से स्थिति होगी स्पष्ट:** चिकित्सकों के प्रारंभिक निष्कर्ष के मुताबिक बाघ की मौत भूख-प्यास की वजह से हुई है लेकिन पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से साफ हो पाएगी. बताया जाता है कि एक वन्य प्राणी बाघ को 04 दिन पहले अंबामांई के पास सड़क किनारे देखा गया था हालांकि यह कह पाना बेहद मुश्किल है कि यह वहीं बाघ है जिसे देखा गया था. वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने बताया कि घटना को देखते हुए वन विभाग की दो अलग-अलग टीम गठित की गई है. घटना कैसे हुई और किसने अंजाम दिया है इसका पता लगाने की पूरी कोशिश शुरू कर दी गई है।

### इनका कहना है

बाघ का शव मिला है प्रथम दृष्टया तो भूख प्यास से मौत होने का अनुमान है बाघ के गले में एक तार का फंदा था. घटना कैसे हुई इसका पता लगाने के लिए दो टीम का गठन किया गया है।

**बाबूलाल चढ़ार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी**

### आसानी से आधे रेट में बिक जाता है चोरी का माल

# खबर के प्रकाशन के बाद भी गंभीर नहीं जिम्मेदार

### खोलो कबाड़ की दुकान, करोड़ों कमाओ

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi.pdf - 20 Feb 2025 - Page 4
लालबर्रा कबाड़ी दुकान में बिक रही अवैध संपति
गली मोहल्ले में अवैध कबाड़ का धंधा, प्रशासन मौन



क्षेत्र में कई अरसे से यह बात आम हो गई है कि खेत की घर की मोटर चोरी हो गई, किसी की गाड़ी चोरी हो गई और जिसका अता-पता आज तक मालिक को नहीं चल पाया और ना ही पुलिस पता कर पाई आपको बता दें कि कबाड़ के व्यवसाय को करने के लिए किसी प्रकार के लाइसेंस की जरूरत नहीं होती है, जिसके चलते कोई भी व्यक्ति कबाढ़ की दुकान खोलता है और आमतौर पर चोरी का माल खरीद कर करोड़पति बन रहा है। इस मामले में सूत्र यह बताते हैं कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अच्छी खासी मोटी रकम पुलिस को भी दी जाती है जिसकी वजह से पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी इन कबाड़ खानों के संचालकों पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। और कबड्डी का काला कारोबार लालबर्रा में फल के साथ फूल रहा है, दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा 20 फरवरी 2025 क़ो अपने अंक गली मोहल्ले में अवैध कबाड़ का धंधा.. प्रशासन मौन, शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया गया था और पुलिस विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया गया था बावजूद अभी तक पुलिस विभाग द्वारा लालबर्रा में गली मोहल्ले में संचालित किसी भी कबाड़ी दुकान का निरीक्षण तक नहीं किया गया ज़ो समझ से परे है, करवाई तो दूर की बात..?

### बगैर शिक्षकों के हो रही प्रार्थनाएं

# ग्रामीण अंचलों में समय से नहीं पहुंच रहे शिक्षक



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विकासखंड किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम कलकत्ता के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक विलंब से पहुंच रहे हैं विकास खण्ड के अधिकांश दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की शालाओं में शिक्षक विलंब से पहुंच रहे हैं, शासन के नियम के मुताबिक पूर्व में ही यह आदेश पारित कर दिया गया था कि शिक्षक अपने पदस्थ मुख्यालय में निवास करें ,ताकि वे समय पर विद्यार्थियों को निर्देशित कर स्कूल पहुंच सके, परंतु देखा जा रहा है कि चंद ही माह शासकीय हवा बाजी से शिक्षकों में घबराहट बनी रही लेकिन धीरे-धीरे इस आदेश की हवा निकल गई ,और आदेश धूल और गर्द में दब गया ।दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कोई भी शिक्षक समय पर नहीं पहुंच पा रहा है बोर्ड पटल पर 10:30 बजे शिक्षकों का स्कूल में आने का समय निर्धारित किया गया है और व अंकित भी कर दिया गया है लेकिन यह बोर्ड और आदेश लेख मात्र औपचारिकता ही प्रदर्शित कर रहे है । आज भी दुर्गम और पहुंच विहीन मार्गो वाले ग्रामीण के स्कूलों में शिक्षक एक से डेढ़ घंटे कभी-कभी तो दो घंटे देरी से शाला में पहुंच रहे हैं। विद्यार्थियों भी आराम फरमाते हुए चहल कदमी करते रहते हैं और अपने शिक्षकों का इंतजार साला के पट खुलने का करते हैं। वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा ना तो प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में शाला बंद और खोलने के लिए ना तो किसी भृत्य की व्यवस्था की है और ना ही साफ-सफाई के लिए कोई कर्मचारी नियुक्त किया गया है फल स्वरूप विद्यार्थियों को ही भृत्य की तरह कार्य करना पड़ रहा है उन्हें स्कूलों में झाड़ पोछा से लेकर साफ सफाई यहां तक की दरी बिछावन और टाट पतट्टीयां को समेटने का भी कार्य विद्यार्थी के जिम्में शिक्षा विभाग ने सौंप दिया हैजो जो बेहद सर्वनाम और विद्यार्थियों की कोमल भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है भावी भविष्य के होनहार यह विद्यार्थी अपना मान सम्मान भी कक्षाओं में विद्यार्जन के दौरान नही रख प रहे है।ऐसे में उनके आने वाला भविष्य और दायित्व और समाज के सु संस्कृत व्यक्तिव के धनी कैसे हो पाएंगे यह विचार करने योग्य है शिक्षा विभाग और शासन सिर्फ बच्चों को स्कूलों में एडमिशन मुफ्त में कराकर और साल में रू400 की राशि विभिन्न तौर से पापड़ बेलने के उपरांत उन्हें दी जाती है।

### रूपये लेकर भी नहीं दी जा रही रसीद, जीएसटी के नाम पर भर रहे खुद की जेब

# कोटेश्वर मेले में हो रही व्यापारियों से लूट, रेट लिस्ट से ज्यादा की जा रही वसूली

### *सीएमओ के नोटिस के बाद भी वसूलीकर्ताओं की दबंगई बदस्तूर जारी*

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धर्मनगरी लांजी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर 8 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। वहीं इस महाशिवरात्रि क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के नेतृत्व में कोटेश्वर महोत्सव का भी आयोजन किया गया है जिससे इसे और अधिक भव्यता प्रदान की जा सके। परंतु मेले में दुकान लगाने आए व्यापारियों को अवैध वसूली के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस संबंध में नगर परिषद के सीएमओ बी.एल. लिल्हारे को भी पूरी जानकारी होने के बावजूद उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही गई जिससे ठेकेदार के कर्मचारियों के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को नियत शुल्क से ज्यादा अदाकर भुगतना पड़ रहा है। वहीं जब मेले में व्यापारियों से तय शुल्क से ज्यादा राशि वसूली की बात सोशल मीडिया में फैली तो सीएमओ द्वारा आनन फानन में नोटिस जारी कर मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया गया। दूसरी ओर मेले में वसूली करने ठेकेदार के कर्मचारियों का कहना है की ऐसी शिकायतों से उनका कुछ बिगडने वाला नहीं है। सिर्फ थाने तक बात जाएगी तो हम वहां भी देख लेंगे। बता दें कि कोटेश्वर मेला में करीब दो सैकड़ा से अधिक से दुकाने लगी हैं। व्यापारियों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा की ठेकेदार के मनमुताबिक पैसे नहीं देने पर वह गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते है और दुकान हटाने की धमकी देते है। ऐसे में मजबूरीवश उन्हें पैसे देने पड़ रहे है। खास बात तो यह है कि यह मामला नगर परिषद अधिकारियों के संज्ञान में भी है। बावजूद अवैध वसूली करने वाले ठेकेदार और उसके कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**निर्धारित दर से दोगुनी हो रही वसूली:** व्यापारियों ने बताया की ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली की चरम सीमा लांघ दी गई है। नगर परिषद द्वारा जो रेट लिस्ट तैयार की गई है ठेकेदार द्वारा उससे दोगुनी राशि दुकानदारों से वसूल की जा रही है। यही मेला स्थल में प्रवेश करने पर भी आम नागरिको को शुल्क चुकाने की मजबूरी बनी हुई है।

**बैग की दुकान से ले गए जबरदस्ती बैग:** मेले में आए एक व्यापारी अशोक लटारे ने बताया की उनके द्वारा प्रतिवर्ष यहां पर मेला के दौरान दुकान लगाई जाती है। जिसमें उनके द्वारा 50 रू. प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क दिया जाता था वहीं पिछले वर्ष 60 रू. प्रतिदिन के हिसाब से दिया गया था। परंतु इस वर्ष ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा 200 रूपए की मांग की जाने लगी।

अवैध वसूली किये जाने से नाराज व्यापारियों ने ठेकेदार के विरोध में नारे भी लगाए और अपना विरोध जताया। व्यापारियों ने कहा की इस महाशिवरात्रि पर कोटेश्वर महोत्सव मनाये जाने को लेकर उन्हें अच्छे व्यापार की उम्मीद थी जिसके लिये उन्होने कर्ज लेकर अपनी यहां दुकान लगाई है। परंतु मेला ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से नियत शुल्क से ज्यादा वसूली किये जाने से उन्हें काफी निराशा हुई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जानकारी मुझे प्राप्त हुई है। मेरे द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर दिया गया जिनके द्वारा व्यापारियों से चर्चा कर जानकारी ली जाएगी तथा शिकायत सही पाये जाने पर नगर परिषद को अनुबंध निरस्त करने और ठेकेदार के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्जन कराने के निर्देश दिये जाएंगे।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम, लांजी**